font>

Title: Need to introduce services of A.T.R.-50 planes from Kullu, Shimla and Kangra in Himachal Pradesh. −Laid.

श्री महेश्वर सिंह (मण्डी): महोदय, नागर विमानन मंत्री ने गत् र्वा विजय दशमी पर हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू में आयोजित विश्व प्रसिद्ध कुल्लू मेले के शुभ अवसर पर तत्कालीन नागर विमानन मंत्री जी ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए यह घोाणा की थी कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, शिमला और कांगड़ा हवाई अड्डों को शीघ्र ही ए.टी.आर. - 50 विमान सेवाओं (उड़ानों) से जोड़ा जाएगा। इस संबंध में सदन में उठाए बिन्दुओं का अनेक बार उत्तर देते हुए मंत्री महोदय ने मुझे आश्वस्त किया था कि शीघ्र विमान खरीदे जा रहे हैं और जैसे ही वे भारत पहुंचेंगे, सबसे पहले हिमाचल प्रदेश को इस विमान की सेवाओं से जोड़ा जाएगा।

मुझे बताया गया है कि सरकार ने चार विमान खरीदे हैं, लेकिन अब कहा जा रहा है कि वे सिर्फ पूर्वोत्तर राज्यों में ही उड़ान भरेंगे और हिमाचल प्रदेश को इस सेवा से वंचित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हिमाचल प्रदेश की जनता और होटलियर्स एसोसिएशनों ने मुझ से मेरे विगत हिमाचल प्रदेश के दौरे के दौरान मिलकर अपना रोा व्यक्त किया क्योंकि ए.टी.आर.-50 विमान सेवाओं से यदि प्रदेश को जोड़ दिया जाता है तो पर्यटन की दृटि से पूरे प्रदेश का विकास होता, लेकिन इसके अभाव में वहां बाधा उत्पन्न हो रही है। मेरा नागर विमानन मंत्री महोदय से आग्रह है कि वे घोाणा को अमलीजामा पहनाने हेतु तत्काल कार्रवाई करें।